NBT
संडे नवभारत टाइम्स
। संडे नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । 6 फरवरी 2022

स्कूलों में सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क हर हाल में : शिक्षा विभाग

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के स्कूल खोले जाने के फैसले के बाद शनिवार को शिक्षा विभाग ने भी इस बारे में जरूरी सर्कुलर जारी कर दिया है।

शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता की ओर से जारी सर्कुलर में स्कूलों को कहा गया है कि वे स्कूल में मौजूदा इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टूडेंट्स को बुलाएं, लेकिन यह सुनिश्चित करना होगा कि हर हाल में कोविड प्रोटोकॉल को लागू किया जाए। सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क के नियम को हर हाल में मानना होगा। दिल्ली में सोमवार से सीनियर क्लासेज (9वीं से 12वीं) के स्टूडेंट्स अपने स्कूल जा सकेंगे। नर्सरी से 8वीं क्लास तक के स्कूल 14 फरवरी से खुल जाएंगे। स्कूल प्रमुख को यह सुनिश्चित करना होगा कि अभिभावकों की मंजूरी के बाद ही स्टूडेंट्स स्कूल आएं।

शिक्षा विभाग ने कहा है कि स्कूल खोलने को लेकर तय की गई गाइडलाइंस को फॉलो किया जाएगा। स्टूडेंट्स एक-दूसरे का लंच शेयर नहीं करेंगे और क्लास में कितने स्टूडेंट्स को बुलाया जाएगा, यह स्कूल अपने स्तर पर तय करेंगे। स्कूलों में शनिवार से तैयारियां शुरू हो गई हैं। स्कूलों को सैनिटाइज किया जा रहा है और अभिभावकों से भी बातचीत की जा रही है।

वीएसपीके इंटरनैशल स्कूल रोहिणी में क्लास रूम को सैनिटाइज किया गया है। स्कूल की मैनेजर प्रमिला गुप्ता का कहना है कि कोविड प्रोटोकॉल के तहत जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

File Photo

सोमवार से दिल्ली में से सीनियर क्लासेज के लिए स्कूल खुलेंगे

- स्टूडेंट्स एक-दूसरे का लंच शेयर नहीं करेंगे
- क्लास में कितने स्टूडेंट्स को बुलाया जाएगा, स्कूल अपने स्तर पर तय करेंगे
- स्कूलों में शनिवार से तैयारियां शुरू हो गई हैं

एम. एम. पब्लिक स्कूल पीतमपुरा की प्रिंसिपल रूमा पाठक का कहना है कि अभिभावकों से भी राय ली जा रही है। सभी सरकारी, प्राइवेट स्कूलों में तैयारियां हो रही हैं और सोमवार से स्टूडेंट्स का आना शुरू हो जाएगा। स्कूलों के साथ अब कॉलेज, कोचिंग संस्थान, आईटीआई, पॉलीटेक्निक भी खुलेंगे।

कोरोना के कारण दिल्ली सरकार की यूनिवर्सिटी और कॉलेजों के स्टूडेंट्स भी कॉलेज नहीं जा पा रहे हैं लेकिन अब डीडीएमए ने तय किया है कि कॉलेजों में पूरी तरह से ऑफलाइन पढ़ाई होगी। कॉलेज जाने वाले स्टूडेंट्स की पूरी कॉलेज लाइफ और कैंपस घर के एक कमरे तक सिमट कर रह गई है। ऐसे में यह फैसला लिया गया है कि सोमवार से दिल्ली के सभी कॉलेज खोले जाएंगे और पढ़ाई पूरी तरह ऑनलाइन से ऑफलाइन मोड में शिफ्ट कर दी जाएगी।